

jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 289 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 19 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

भारत और कुवैत के कूटनीतिक रिश्तों के 65 साल, मजबूत आर्थिक संबंधों के चलते द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर के पार

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। भारत और कुवैत के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुवैत के राजदूत मेशाल अल-शेमाली ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 10 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जिससे भारत कुवैत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में शामिल हो गया है। भारत और कुवैत के बीच राजनयिक संबंधों की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में राजदूत अल-शेमाली ने कहा कि दोनों देशों के आर्थिक रिश्ते लगातार विस्तार कर रहे हैं और आने वाले वर्षों में इनके और मजबूत होने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा में कुवैत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कुवैत भारत के लिए कच्चे तेल का छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का चौथा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। कुवैत वर्तमान में भारत की कुल ऊर्जा जरूरतों का लगभग 5 प्रतिशत



पूरा करता है। राजदूत ने बताया कि दोनों देशों के बीच अब तक लगभग 40 समझौते और सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। इनमें राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, श्रम, नागर विमानन, खेल और स्वास्थ्य सेवा जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को और गहरा बनाने के लिए कई नए समझौतों पर भी चर्चा चल रही है। विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा, निवेश और व्यापार सहयोग से जुड़े क्षेत्रों में नई पहलें आने वाले समय में आगे बढ़ सकती हैं। नई दिल्ली में मंगलवार को कुवैत दूतावास द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए अल-शेमाली ने कहा कि कुवैत विजन 2035 और भारत के विकसित भारत 2047 विजन के बीच कई समानताएं हैं। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक और सामाजिक सहयोग को और विस्तारित करने के पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। उन्होंने 65वीं वर्षगांठ को द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा सहयोग के नए क्षेत्रों में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि भारत और कुवैत के संबंध लंबे समय से मित्रता, पारस्परिक सम्मान और रचनात्मक सहयोग पर आधारित रहे हैं। राजदूत ने यह भी याद दिलाया कि हालांकि दोनों देशों के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1961 में स्थापित हुए थे, लेकिन भारत और कुवैत के ऐतिहासिक संबंध कई सदियों पुराने हैं। समुद्री व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वाणिज्यिक संपर्कों ने दोनों समाजों को लंबे समय से जोड़े रखा है। कार्यक्रम के दौरान अल-शेमाली ने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान देने वाले कई व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लोगों से लोगों के संबंध, आपसी समझ और सहयोग इस साझेदारी की महत्वपूर्ण नींव हैं।

जालंधर में अपराधियों के हौंसले बुलंद!

महिला की बालियां छीनकर बाइक सवार स्नैचर फरार

- घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई
- घटना की शिकायत परिवार द्वारा पुलिस को दी गई

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल: जालंधर में अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि वह सरेआम वारदातों को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। ताजा मामला लद्देवाली से सामने आया है, जहां एक महिला सामान लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार आया और महिला की कान की बालियां छीन कर मौके से फरार हो गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घटना की शिकायत परिवार द्वारा पुलिस को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि बाइक नंबर ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार



महिला के कान पर लगे 6 टांके

इस घटना में महिला का कान फट गया। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जहां डॉक्टरों ने महिला के कानों पर 6 टांके लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस फरार लुटेरे को पकड़ने के लिए गलियों के सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है।

किया जाएगा। बुजुर्ग महिला दोनों हाथों में सामान लेकर घर लौट रही है। इसी दौरान एक हेलमेट पहनकर स्नैचर महिला की रेकी करते हुए आगे निकलता है। आगे जाने के बाद वह अपनी बाइक मोड़ता है और दोबारा वापिस आता है और महिला के कान से बालियां छीनकर फरार हो जाता है।



दिग्गज टेक कंपनी APPLE की कई सर्विस अचानक ठप

iCloud से लेकर Apple Pay तक हुआ डाउन, एक सप्ताह में चौथी बार डिजिटल सर्विस प्रभावित

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। दिग्गज टेक कंपनी Apple की कई डिजिटल सर्विस बुधवार रात अचानक ठप हो गईं। अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में कंपनी की क्लाउड, पेमेंट, म्यूजिक और ऐप स्टोर जैसी सेवाओं में तकनीकी दिक्कतें सामने आईं। भारतीय समयानुसार रात के समय परेशानी के चलते लाखों यूजर्स को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने डिवाइस में लॉगइन करने से लेकर ऑनलाइन पेमेंट और ऐप डाउनलोड करने तक में परेशानी आई। Apple का दुनियाभर में बड़ा यूजरबेस है। ऐसे में एक साथ कई सर्विस प्रभावित होने से बड़ी संख्या में यूजर्स का कामकाज प्रभावित हुआ। यूजर्स ने सोशल मीडिया पर भी शिकायतें साझा कीं। आउटेज पर नजर रखने वाली वेबसाइट Downdetector पर Apple की अलग-अलग सर्विस में आ रही समस्याओं को



लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की गईं। यूजर्स ने बताया कि उन्हें iCloud, App Store और Apple Pay समेत कई सेवाओं का इस्तेमाल करने में दिक्कत हो रही है। कई यूजर्स ने लॉगइन एरर, सर्विस एक्सेस नहीं होने और ऐप डाउनलोड करने में परेशानी की शिकायत की। आउटेज के दौरान Apple की कई अहम सेवाओं में परेशानी सामने आई। इनमें iCloud, App Store, Apple Pay, Apple Support, Apple Music, iPhone Activation और Apple Store Connect शामिल हैं। Apple के डेवलपर्स भी इस आउटेज से प्रभावित हुए। उन्हें Apple Store Connect प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने में समस्याओं का सामना करना पड़ा।

अमेरिका में चौथी बार डिजिटल सर्विस प्रभावित

अमेरिका में एक सप्ताह में डिजिटल सेवाएं ठप होने का यह चौथा बड़ा मामला बताया जा रहा है। शुरुआत पिछले गुरुवार रात Microsoft की सेवाओं में आई तकनीकी गड़बड़ी से हुई थी। इसके बाद एयरलाइंस के कम्युनिकेशन सिस्टम में परेशानी सामने आई। वहीं, मंगलवार को अमेरिकी बैंकिंग सिस्टम भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ था। अब Apple की कई सेवाओं में आई तकनीकी दिक्कत ने यूजर्स की परेशानी बढ़ा दी है।



21 नवंबर को पंजाब आएंगे खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल!

पार्टी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया पोस्टर

- सोशल मीडिया पर वारिस पंजाब दे पार्टी ने इसकी जानकारी दी है
- कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है
- अमृतपाल सिंह अपनी दादी चरण कौर के संस्कार में होंगे शामिल
- हालांकि वकीलों ने 21 से 23 नवंबर के लिए पैरोल की मांग की है

जालंधर सिटी लाइव

खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल 21 नवंबर को पंजाब आएंगे। सोशल मीडिया पर वारिस पंजाब दे पार्टी ने इसकी जानकारी दी है। पार्टी ने लिखा कि सांसद अमृतपाल 21 नवंबर को पंजाब आ रहे हैं, संगत का साथ देने के लिए धन्यवाद। आपको बता दें कि अभी तक अमृतपाल की पैरोल को लेकर अभी तक कोर्ट का फैसला नहीं आया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है और उम्मीद है कि जल्द फैसला आएगा।



दादी के निधन के बाद मांगी थी पैरोल

बता दें कि अमृतपाल अपनी दादी चरण कौर के अंतिम संस्कार पर बाहर आना चाहते हैं। उनका 8 नवंबर को निधन हुआ था। मगर, परिवार ने अभी तक अंतिम संस्कार नहीं किया है। अमृतपाल को 14 नवंबर को 3 घंटे की कस्टडी पैरोल मिली थी लेकिन उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल से बाहर नहीं लाया जा सका। जिसके बाद उनके वकीलों ने 21 से 23 नवंबर के लिए पैरोल की मांग की है।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों को मिली सफलता

लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर लतीफ मुठभेड़ में ढेर, मस्जिद में छिपा था आतंकी

- आत्मसमर्पण के मौके देने के बावजूद सरेंडर करने से इनकार

जालंधर सिटी लाइव

कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के कमांडर लतीफ भट को मार गिराया। आतंकवादी एक मस्जिद के अंदर छिपा हुआ था। सुरक्षा बलों ने उसे बाहर आने और आत्मसमर्पण करने के लिए कई बार चेतावनी दी, लेकिन उसने सरेंडर करने से इनकार कर दिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में वह मारा गया। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने विशेष सावधानी बरती और मस्जिद को किसी तरह का



नुकसान नहीं पहुंचने दिया। आतंकवादी के मस्जिद में मौजूद होने के कारण ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण बन गया था। कुलगाम के एसएसपी अनायत अली चौधरी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादी की मौजूदगी को लेकर पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने आपसी तालमेल और बेहतर रणनीति के साथ इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुरक्षा बलों ने उस पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, जहां स्थानीय आतंकवादी लतीफ भट छिपा हुआ था। एसएसपी अनायत अली चौधरी के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 2:45 बजे आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई और इलाके में मुठभेड़ तेज हो गई। आतंकवादी के मस्जिद के अंदर फंसे होने के कारण सुरक्षा बलों के सामने बड़ी चुनौती थी। मस्जिद को नुकसान से बचाने के लिए जवानों ने बेहद संयम और सावधानी के साथ कार्रवाई की।

सीआरपीएफ के डीजी ने अनोखे अंदाज में दी बधाई

ऑपरेशन में लश्कर कमांडर के मारे जाने के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्क' पर सुरक्षा बलों को बधाई दी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, फ्बधाई हो साथियों। कुछ चीजें ठंडी करके ही परोसी जानी चाहिए, भले ही मौसम ठंडा क्यों न हो। इस तरह कुलगाम में सुरक्षा बलों ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर को मार गिराया।

18-11-2026_Layout 1 19-11-2026 00:51 Page 2

मलेशिया में होने वाली 'बॉडीबिल्डिंग मॉर्टल बैटल-2026' के लिए भारतीय टीम के चयन हेतु सेंट सोल्जर कैंपस में ट्रायल आयोजित

भारत के विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। एफ.आई.एफ. वर्ल्ड की ओर से मलेशिया में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 'मॉर्टल बैटल-2026' में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के चयन हेतु जालंधर-अमृतसर बाईपास स्थित सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में एक दिवसीय चयन ट्रायल आयोजित किए गए। इस अवसर पर एफ.आई.एफ. इंडिया के प्रेसिडेंट श्री हरमिंदर सिंह दुल्लेवाल (भारत के वेजिटेरियन बॉडीबिल्डर एवं एशिया गोल्ड मेडलिस्ट) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ चयन समिति के सदस्य श्री अरुण, श्री राजदीप सिंह और श्री अमरदीप सिंह भी मौजूद रहे। इन चयन ट्रायल में भारत के विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक बॉडीबिल्डरों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी शानदार शारीरिक बनावट, फिटनेस, मांसपेशियों की परिभाषा और पोजिंग कौशल का प्रदर्शन किया। चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया गया, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन किया जा सके। इस अवसर पर श्री हरमिंदर सिंह दुल्लेवाल ने बताया कि वह पिछले आठ वर्षों से भारतीय बॉडीबिल्डिंग टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लगातार तैयार कर रहे हैं। इसके साथ ही वह स्वयं भी विभिन्न खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार भी उनके नेतृत्व में भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन करेगी और अधिक से अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेगी। श्री दुल्लेवाल ने चयन ट्रायल केसफल आयोजन में बहुमूल्य योगदान और सहयोग देने के लिए सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा तथा मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनहर अरोड़ा का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने भारतीय टीम के चयन ट्रायल के लिए संस्थान द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती संगीता चोपड़ा और डॉ. मनहर अरोड़ा ने सभी खिलाड़ियों कोशुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए गौरव हासिल करने हेतु प्रेरित किया।






जिनपिंग ने ट्रंप के लिए तोड़ा प्रोटोकॉल

स्वागत करने खुद पहुंचे एयरपोर्ट, 70 साल बाद दोहराया एक और इतिहास

जालंधर सिटी लाइव

बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन के शेनझेन शहर पहुंचे। यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने खुद हवाई अड्डे पर पहुंचकर उनकी अगवानी की और गले लगाकर स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच इस तरह की सार्वजनिक गर्मजोशी को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में दुर्लभ घटना माना जा रहा है। चीन के शीर्ष नेता की ओर से किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का इस अंदाज में स्वागत करीब सात दशक बाद देखने को मिला है। इससे पहले चीन के संस्थापक माओत्से तुंग ने सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव का इसी तरह स्वागत किया था। शी जिनपिंग का यह कदम सितंबर में वाशिंगटन यात्रा के दौरान ट्रंप की ओर से किए गए स्वागत के जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है। उस समय ट्रंप ने खुद एयरपोर्ट पर पहुंचकर शी जिनपिंग की अगवानी की थी। दोनों नेताओं ने करीब 20 मिनट तक शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत में उड़ान भर रहे चीन के जे-10सी लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन भी देखा।



पुतिन के स्वागत के लिए नहीं पहुंचे शी जिनपिंग

ट्रंप के स्वागत और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगवानी के तरीके में अंतर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पुतिन के चीन पहुंचने पर शी जिनपिंग खुद एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। उनकी अगवानी चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की शक्तिशाली स्थायी समिति के सदस्य और शी के करीबी सहयोगी काई ची ने की। चीनी अधिकारियों के मुताबिक, पार्टी के शीर्ष नेताओं का आमतौर पर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की अगवानी के लिए एयरपोर्ट पहुंचना सामान्य परंपरा नहीं है। ऐसे में ट्रंप का स्वागत विशेष महत्व रखता है।

ट्रंप-शी-पुतिन की पहली त्रिपक्षीय बैठक पर दुनिया की नजर

इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ट्रंप, शी जिनपिंग और पुतिन की पहली त्रिपक्षीय बैठक है। तीनों नेताओं के बीच होने वाली इस बातचीत में दुनिया के कई बड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इनमें रूस-यूक्रेन संघर्ष, ईरान युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), परमाणु हथियारों में कटौती और वैश्विक सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, क्रेमलिन के वरिष्ठ सलाहकार यूरी उषाकोव ने बताया कि बैठक के बाद जारी होने वाले संयुक्त बयान का मसौदा तैयार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि तीनों नेता दुनिया में जारी संघर्षों और प्रमुख शक्तियों के आपसी संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर व्यापक चर्चा करेंगे।

30 लाख की बैन कोडीन-युक्त कफ सिरप जब्त- एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

जालंधर सिटी लाइव

अगरतलाः त्रिपुरा में चल रहे शहरी स्थानीय निकाय (ULB) चुनावों से पहले, नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़े अभियान में पुलिस ने कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप के आठ कार्टन जब्त किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है। मंगलवार शाम को महाराजगंज पुलिस थाना क्षेत्र में एक वाहन से कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप के ये आठ कार्टन जब्त किए गए। वाहन के अंदर तीन लोग मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, राज्य में चल रहे निकाय चुनावों को देखते हुए लगातार एहतियाती अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी तरह के एक अभियान के दौरान, पूर्वी अगरतला पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी कृष्णधन सरकार ने एक वाहन को देखा, जो हैंगिंग ब्रिज के पास पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। कुछ संदिग्ध लगने पर, पुलिस अधिकारी ने वाहन का पीछा किया और जोगेंद्रमुरा रोड पर सोनी मंदिर के पास उसे रोक लिया। शुरुआती जांच में, अधिकारी को वाहन के अंदर तीन लोग और कई कार्टन मिले। कार्टन से आ रही तेज औषधीय गंध ने संदेह को और बढ़ा दिया। अधिकारी ने तुरंत संबंधित पुलिस थाने के प्रभारी (OC) इंस्पेक्टर कृष्णधन सरकार को सूचित किया, जिन्होंने आगे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इस घटना के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद, एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और एक ड्रग इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाया गया। तलाशी अभियान शुरू करने से पहले दो स्वतंत्र गवाहों को भी वहां बुलाया गया। कार्यकारी मजिस्ट्रेट, ड्रग इंस्पेक्टर और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप के आठ कार्टन बरामद किए। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि जब्त किया गया कफ सिरप प्रतिबंधित पदार्थों की श्रेणी में आता है और इस मामले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट के तहत केस दर्ज किया जा रहा है। जब्त किए गए सामान की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है। SDPO सदर पन्नालाल सेन ने कहा, चल रहे ULB चुनावों को देखते हुए रोजाना एहतियाती कदम उठाए जा रहे थे। प्रभारी अधिकारी कृष्णधन सरकार ने एक वाहन को देखा, जो हैंगिंग ब्रिज के पास पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने जोगेंद्रमुरा रोड पर सोनी मंदिर के पास उस वाहन को रोक लिया। सेन ने बताया कि जब वाहन को रोका गया, तो उसके अंदर तीन लोग और कई कार्टन मिले। सेन ने कहा, कार्टन से आ रही तेज़ दवा जैसी गंध से शक हुआ, जिसके बाद OC ने उन्हें इस घटना की जानकारी दी। तलाशी लेने से पहले, मौके पर एक एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट और ड्रग इंस्पेक्टर को बुलाया गया, साथ ही दो स्वतंत्र गवाहों को भी वहां मौजूद रखा गया।



एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

एसडीपीओ ने बताया, तलाशी के दौरान कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप के आठ कार्टन बरामद किए गए, जो कि प्रतिबंधित पदार्थ है।५ उन्होंने आगे कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। सेन ने कहा, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, हम समय-समय पर आपको और जानकारी देते रहेंगे। सेन ने कहा, इस खेप का स्रोत क्या था, इसे कहाँ पहुँचाया जाना था, और वाहन में मिले तीनों लोगों की इसमें क्या भूमिका थी, इसका पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

महिलाओं को मिलने वाले 1,000 और 1,500 किसी कीमत पर बंद नहीं होंगेः मुख्यमंत्री भगवंत मान

- शाहकोट में लोक मिलनी के दौरान सीएम का बड़ा ऐलान

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को जालंधर जिले के शाहकोट विधानसभा क्षेत्र के गांव नवां पिंड दोनेवाल में आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं किसी भी कीमत पर बंद नहीं की जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं को मिलने वाली 1,000 और 1,500 रुपये की मासिक आर्थिक सहायता जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 1 दिसंबर को एक बार फिर महिलाओं के मोबाइल फोन पर सहायता राशि जमा होने के संदेश आएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए सरकार ने बजट सुरक्षित रखा हुआ है और इस राशि को किसी अन्य कार्य में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।



लोक मिलनी में सुनीं लोगों की समस्याएं

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान पर ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल सत्ता में वापसी के सपने देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने पंजाब के हितों की अनदेखी की, जबकि वर्तमान सरकार जनता को सुविधाएं देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पंजाब के 90 प्रतिशत से अधिक घरों को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत परिवारों को 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज, सरकारी नौकरियों, शिक्षा सुधार और ग्रामीण विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए 3,100 खेल स्टेडियम बनाए जा रहे हैं, ताकि युवा नशे से दूर रहकर खेल गतिविधियों में हिस्सा ले सकें।

पंजाब में किसानों का 20 नवम्बर का बड़ा आंदोलन स्थगित, सरकार से बातचीत के बाद संयुक्त किसान मोर्चा का फैसला



मांगें पूरी नहीं हुईं तो फिर होगा संघर्ष

संयुक्त किसान मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन केवल कुछ दिनों के लिए स्थगित किया गया है। यदि पंजाब सरकार अपने आश्वासनों को पूरा करने में देरी करती है, तो किसान संगठनों की प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाकर अगले संघर्ष की रणनीति तैयार की जाएगी। किसान नेताओं ने कहा कि गन्ना उत्पादकों की आर्थिक समस्याओं और लंबित भुगतान का समाधान उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। सरकार को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे।

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़, (डेली आवाज भारती)। पंजाब में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 20 नवंबर को जालंधर में प्रस्तावित बड़े आंदोलन को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। बुधवार को पंजाब सरकार के कृषि सचिव अर्शदीप सिंह थिंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक के बाद किसान संगठनों ने यह फैसला लिया। सरकार की ओर से किसानों की मांगों पर जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में किसान संगठनों ने गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाकर 500 रुपये प्रति क्विंटल करने, किसानों को भुगतान के लिए सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने और निजी चीनी मिलों की ओर लंबित बकाया राशि जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई। किसान नेताओं ने फगवाड़ा चीनी मिल से संबंधित बकाया भुगतान का मुद्दा भी अधिकारियों के सामने रखा। इसके अलावा निजी चीनी मिलों को पंजाब सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी और किसानों के लंबित भुगतान पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कृषि सचिव अर्शदीप सिंह थिंद के अलावा गन्ना आयुक्त करनजोत सिंह और कृषि निदेशक गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसान प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि गन्ने की कीमत, बकाया भुगतान और सिंगल विंडो व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर आने वाले दिनों में निर्णय लिया जाएगा। सरकार ने इन मामलों पर विचार करने के लिए गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक बुलाने का भी फैसला किया है।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा जालंधर के साईं दास स्कूल ग्राउंड में होने जा रहा श्री राम कथामृत का भव्य आयोजन

जालंधर सिटी लाइव

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा गरीब बच्चों की शिक्षा को समर्पित चलाए जा रहे मंथन प्रकल्प को समर्पित भव्य श्री राम कथामृत जालंधर के साईं दास स्कूल ग्राउंड में होने जा रही है, शाम 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक, 22 से 28 नवंबर। कथा का वाचन करने हेतु दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या विश्वविख्यात मानस मर्मज्ञा साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी जालंधर शहर में पधार रहीं हैं। स्वामी सज्जनानंद जी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सुंदर पंडाल सजाया जा रहा है। भव्य मंच सज रहा है श्रद्धालुओं के लिए हर



एक व्यवस्था का इंतजाम किया जा रहा है जिसकी झलकियां हम आपको दिखा रहे हैं। एक-दो दिनों में सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएगी। इसको लेकर 20 नवंबर को भव्य कलश यात्रा निकलेगी सुबह 11:00 बजे कथा स्थल से ही आरंभ होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पर ही संपन्न होगी और 29 को हवाई यज्ञ होगा सभी शहारवासी श्री राम कथा में पहुंचकर पुण्य के भागी बनें।

भारत ने बनाई बर्ड फ्लू की पहली स्वदेशी वैक्सीन,शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर को करेंगे लॉन्च

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 नवंबर को मुर्गियों के लिए भारत की पहली देसी 'इनएक्टिवेटेड एच5एव1' एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) वैक्सीन लॉन्च करने वाले हैं। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल ने मुर्गियों के लिए पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा वैक्सीन बनाई है। इस वैक्सीन से देश में फैल रहे 'क्लेड 2.3.2.1ए एच5एन1' वायरस के स्ट्रेन से सुरक्षा मिलेगी। अभी, क्लेड 2.3.2.1ए के एच5एन1 वायरस के खिलाफ कोई खास कमर्शियल वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसलिए, भारत के लिए एक देसी वैक्सीन बनाना जरूरी है। बहुत ज्यादा पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई), जिसे आमतौर पर बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है, पोल्ट्री को प्रभावित करने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसके फैलने से इंफेक्टेड पक्षियों में लगभग 100 प्रतिशत मौत हो सकती है।



हूती हमलों के बीच एयरलाइंस का बड़ा कदम

इंडिगो ने सऊदी अरब की सभी उड़ानें कीं रद्द

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्लीः इंडिगो ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के शहरों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों को 30 नवंबर तक रद्द रखने का फैसला किया है। इससे पहले एयरलाइन ने जेद्दा और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें 21 नवंबर तक रद्द की थीं, जबकि रियाद और दम्माम की उड़ानें 30 नवंबर तक रद्द थीं। इंडिगो ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, सऊदी अरब में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जेद्दा, मदीना, रियाद और दम्माम से आने-जाने वाली सभी उड़ानें 30 नवंबर, 2026 (समेत) तक रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि वह घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रही है और स्थिति का लगातार आकलन कर रही है। इससे पहले 13 नवंबर को एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रियाद और दम्माम से आने-जाने वाली उड़ानों को रद्द रखने के फैसले को 30 नवंबर तक बढ़ा दिया था, जबकि जेद्दा की उड़ानें 21 नवंबर तक निलंबित कर दी गई थीं। अकासा एयर ने 12 नवंबर को रियाद और जेद्दा से आने-जाने वाली उड़ानें 30 नवंबर तक रद्द करने की घोषणा की थी। सऊदी अरब के शहरों और बुनियादी ढांचे पर हूती विद्रोहियों के हमले हुए हैं।



18-11-2026_Layout 1 19-11-2026 00:51 Page 3

एच.एम.वी. में दो दिवसीय राज्य स्तरीय

विज्ञान मेले का भव्य आयोजन

जालंधर।

हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर में प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला के कुशल नेतृत्व में पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान मेलेंज का आयोजन किया गया। पंजाब सरकार को समर्पित यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता एवं तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करवाया गया।







मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि

इस अवसर पर **पदमश्री प्रो. एच.सी. वर्मा** (मुख्य अतिथि), **डॉ. राजीव आहुजा** (निदेशक, आई.आई.टी. रोपड़), प्रसिद्ध वैज्ञानिक **श्री बी.के. त्यागी** एवं **डी.ए.वी.** कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के सचिव **श्री अरविंद घई** विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य उद्देश्य

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहन देना।

विज्ञान मेले की प्रमुख आकर्षण

- साइंस बिहाइंड मिरेकल्स
- मैथमेटिक्स एंड ज्योमेट्री कॉर्नर
- द वर्ल्ड ऑफ लाइफ साइंसेज
- रॉकेट्री एंड टेलीस्कोप मेकिंग
- 3D प्रिंटिंग एवं इनोवेशन
- ग्रीन साइंस – वेस्ट टू वेल्थ
- वाटर एंड सॉयल टेस्टिंग
- एस्ट्रोनॉमी एंड नाइट स्काई
- साइंस पपेट्री, साइंस सर्कस
- मोबाइल साइंस वैन



केएमवी द्वारा हैवी मेटल कांटामिनेशन पर आईसीएसएसआर प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन देशभर के शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने सेमिनार में की भागीदारी










जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) द्वारा ÷हैवी मेटल कांटामिनेशन= पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक दृष्टिकोण÷ विषय पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए भारी धातुओं के बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और समाज पर इसके दूरगामी प्रभावों से संबंधित चिंताओं पर विचार-विमर्श किया। संगोष्ठी में विभिन्न प्रतिष्ठित वक्ताओं ने वैज्ञानिक, चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक दृष्टिकोणों से इस गंभीर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कन्या महाविद्यालय की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने हैवी मेटल कांटामिनेशन= एक मनोसामाजिक दृष्टिकोण= दैनिक जीवन में प्रदूषण के संपर्क, भय, खाद्य सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य को समझना÷ विषय पर अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारी धातुओं का प्रदूषण केवल पर्यावरण से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण मनोसामाजिक चुनौती भी है। स्वच्छ वायु, सुरक्षित जल, स्वस्थ मिट्टी एवं प्रदूषण रहित भोजन के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण तथा दैनिक जीवन में इसके संपर्क में आने का भय व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को किस प्रकार प्रभावित कर सकता है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. नवीन चितकारा, वरिष्ठ स्पाइन एवं न्यूरो सर्जन, एनएचएस अस्पताल, जालंधर द्वारा मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रदूषण क्या है, कैसे फैलता है और इसके क्या कारण हैं, इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रदूषण के संपर्क में आने के संभावित माध्यमों तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वालेइसके प्रभावों के बारे में भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता, निवारक उपायों, तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ एवं संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। केएमवी प्रबंधक समिति की उपाध्यक्ष एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा चावला ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने भारी धातुओं के प्रदूषण के कारण महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की ओर विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने प्रदूषण के संपर्क में आने से जुड़े संभावित खतरों को उजागर करते हुए महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य एवंसमग्र कल्याण की सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। भारी धातु प्रदूषण के दुष्परिणाम विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रो. (डॉ.) अनीश कुमार दुआ, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, प्राणी विज्ञान विभाग, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि भारी धातुएँ मिट्टी, पानी और कृषि अनाज सहित पर्यावरण के विभिन्न आपस में जुड़े माध्यमों से होकर अंततः मानव खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर जाती हैं। उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इनके संभावित प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रदूषण की समस्या का समाधान करना केवल वैज्ञानिकों एवं नीति-निर्माताओं की तकनीकी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण के संकट से निपटने के लिए सामूहिक जागरूकता, जिम्मेदार व्यवहार एवं जनभागीदारी का आह्वान किया। इस संगोष्ठी को उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जिसमें ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कुल 119 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें 64 शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी भी शामिल थे। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, नागालैंड, सिक्किम एवं राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इसमें भाग लेने वाले प्रमुख संस्थानों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर, पंजाब यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, डॉ. बी. आर. अंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट होम साइंस कॉलेज, आईसीएआर-आईजीएफआरआई, सीआईएचजी पालमपुर, कमला नेहरू कॉलेज ऑफ वूमेन, दोआबा कॉलेज, सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय तथा कन्या महाविद्यालय सहित अनेक शिक्षण एवं शोध संस्थान शामिल रहे। इस संगोष्ठी ने भारी धातु प्रदूषण के पर्यावरणीय, चिकित्सकीय, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक पहलुओं पर अंतर-विषयक संवाद, ज्ञान के आदान-प्रदान तथा विचार-विमर्श के लिए एक सार्थक शैक्षणिक मंच प्रदान किया। इसने सुरक्षित पर्यावरण एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए वैज्ञानिक समझ, जन-जागरूकता, निवारक उपायों तथा सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता को और अधिक सुदृढ़ किया।







18-11-2026_Layout 1 19-11-2026 00:51 Page 4

भारत का विज्ञान जगत में बड़ा कदम, 100 से अधिक मानव मस्तिष्कों के तैयार होंगे 3डी डिजिटल नक्शे

जालंधर सिटी लाइव

आईआईटी मद्रास की ऐतिहासिक पहल से स्ट्रोक और मस्तिष्क संबंधी बीमारियों पर शोध को मिलेगी नई दिशा, 200 से अधिक वैज्ञानिक और विशेषज्ञ जुड़े

चेन्नई। भारत ने चिकित्सा विज्ञान और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर ने 100 से अधिक मानव मस्तिष्कों के अत्यंत विस्तृत 3डी डिजिटल एटलस तैयार करने का महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2026 को इस मिशन का शुभारंभ किया था। संस्थान ने 18 नवंबर को जारी नई विज्ञप्ति में परियोजना की विशेषताओं और वैज्ञानिक महत्व की जानकारी दी है।



इस परियोजना के तहत गर्भ में विकसित हो रहे शिशु से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों तक के मस्तिष्क की संरचना का अध्ययन किया जाएगा। वैज्ञानिक अत्याधुनिक इमेजिंग और कंप्यूटर तकनीक की मदद से मस्तिष्क के सूक्ष्म स्तर तक डिजिटल नक्शे तैयार करेंगे। इन नक्शों के माध्यम से शोधकर्ता यह समझ सकेंगे कि उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क में किस प्रकार बदलाव आते हैं और विभिन्न बीमारियां उसकी संरचना को कैसे प्रभावित करती हैं।

भारत की वैज्ञानिक क्षमता को मिलेगी पहचान

आईआईटी मद्रास के वैज्ञानिकों का मानना है कि इस मिशन से न्यूरोसाइंस, चिकित्सा अनुसंधान और आधुनिक डिजिटल इमेजिंग के क्षेत्र में भारत की भूमिका और मजबूत होगी। भविष्य में मस्तिष्क से जुड़ी जटिल बीमारियों के अध्ययन में यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। प्रकाशन के लिए जरूरी बात- यह 18 नवंबर की प्रकाशित रिपोर्ट जरूर है, लेकिन मूल घटना 11 अक्टूबर की है। इसलिए मैंने हेडलाइन में आज मिशन शुरू होने का दावा नहीं किया है।

भारत-जापान साझेदारी दुनिया की समृद्धि के लिए जरूरीः एस जयशंकर



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को इंडिया-जापान इंडो-पैसिफिक फोरम को संबोधित करते हुए वीडियो संदेश जारी किया। फिलीपींस में आसियान-भारत समिट में शामिल होने के बाद विदेश मंत्री जापान पहुंचे। भारत-जापान संबंधों को दुनिया के लिए बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी सिर्फ द्विपक्षीय नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि के लिए योगदान दे रही है। विदेश मंत्री ने इंडिया-जापान इंडो-पैसिफिक फोरम के नवीनतम संस्करण के लिए उन्होंने इस फोरम के आयोजन के लिए 'दिल्ली पॉलिसी ग्रुप' और 'जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स' के प्रयासों की सराहना की। जयशंकर ने कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी विश्वास और सद्भावना पर टिकी है और साझा रणनीतिक दृष्टिकोण से जुड़ी है।







